संक्षिप्त

किसानों को सहायता राशि दी

टोंक। मानसून वर्ष 2024 (संवत् 2081) के दौरान जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से 33 प्रतिशत अथवा उससे अधिक फसल खराब होने से प्रभावित कृषकों को राज्य सरकार द्वारा बड़ी राहत प्रदान की गई है। वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 23 दिसम्बर 2025 को आयोजित किसान सम्मेलन में टोंक जिले के पात्र कृषकों को कृषि आदान-अनुदान राशि का भुगतान किया गया। एडीएम मालपुरा एवं प्रभारी अधिकारी (सहायता) विनोद कुमार मीना ने बताया कि जिले की कुल 9 तहसीलों के टोंक, निवाई, देवली, दूनी, नगरफोर्ट, उनियारा, अलीगढ़, मालपुरा एवं टोडारायसिंह के 865 गांवों के कुल 1,06,689 किसानों को लगभग 96 करोड़ रुपये की राशि सीधे खातों में हस्तांतरित की गई। उन्होंने बताया कि तहसीलवार टोंक 15,880, निवाई 2,456, देवली 12,536, दूनी 7,303, नगरफोर्ट 5,964, उनियारा 10,230, अलीगढ़ 8,904, मालपुरा 26,791 एवं टोडारायसिंह 16,562 किसानों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर किसानों एवं कृषक प्रतिनिधियों ने सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष का स्वागत

चाकसू। दी बार एसोसिएशन चाकसू द्वारा बार एसोसिएशन चाकसू के निवर्तमान अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा को बार कौंसिल ऑफ राजस्थान में अनुशासन समिति का सदस्य मनोनीत कर चाकसू को पहली बार प्रतिनिधित्व दिए जाने पर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त महाधिवक्ता भुवनेश शर्मा का साफा एवं माला पहना कर गुलदस्ता भेंट कर सम्मान कर धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया इस अवसर पर भुवनेश शर्मा द्वारा नई जिम्मेदारी के लिए अनुशासन समिति के सदस्य नाथूलाल शर्मा को भी बधाई देते हुए अधिवक्ता हितों के लिए निरंतर कार्य करते रहने हेतु शुभकामना दी साथ ही बार एसोसिएशन चाकसू के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरप्रीत सिंह एवं महासचिव श्रवण लाल शर्मा को उनके निर्वाचन पर शुभकामनाएं देते हुए दी बार एसोसिएशन चाकसू की समस्याओं का निस्तारण किए जाने हेतु सदैव सहयोग की बात कही इस अवसर पर दी बार एसोसिएशन चाकसू अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, महासचिव श्रवण लाल शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, निवर्तमान महासचिव दुर्गा प्रसाद बेरवा , अपर लोक अभियोजक अर्जुन सिंह राजावत, एडवोकेट अश्विनी प्रकाश जैमन आदि
उपस्थित रहे।

सिया-राम विवाह के गीत गूंजे

चाकसू। चाकसू स्थित श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर में चल रही 9 दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन सोमवार को राम-सीता विवाह प्रसंग का वर्णन हुआ। कथा सुनते ही श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और मंदिर परिसर 'सियावर रामचंद्र की जय' के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर राम-सीता की सजीव झांकी सजाई गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। कथा व्यास पं. रामशरण जी महाराज (चाकसू वालों) ने बताया कि विवाह के बाद जब भगवान श्रीराम माता सीता और चारों भाइयों की बहुओं के साथ अयोध्या पहुंचे, तो पूरा नगर आनंद से झूम उठा। उन्होंने कहा कि श्रीराम के विवाह के साथ ही अयोध्या में मंगल और सुख-समृद्धि का वास हो गया। कथा के दौरान राम बारात का दृश्य जीवंत हो उठा। ढोल-नगाड़ों की धुन पर भक्त नाचते-गाते नजर आए, वहीं महिलाओं ने मंगल गीत गाकर बधाइयां दीं। वृंदावन से आए भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कार्यक्रम के आयोजन में श्री चम्पेश्वर महादेव धर्मार्थ ट्रस्ट,चाकसू के प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रामकिशोर जी सोनी, सचिव दिनेश जी शर्मा कोषाध्यक्ष मीठालाल शर्मा, गजानंद शर्मा, धर्मराज शर्मा, निधि जैन,चंद्रप्रकाश बडेरा सहित सभी पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

नकद राशि का सहयोग

निवाई। शहर में स्थित पुरानी सब्जी मंडी में मानव सेवा समिति के तत्वावधान में असहाय लोगों को नकद राशि सहयोग के रूप में प्रदान की गई।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'भरतपुर में सड़क, रेलवे व हवाई कनेक्टिविटी से बढ़ेगी विकास की असीम संभावनाएं'

- मधुमक्खीपालन, आईटीआई हब, कृषि विश्वविद्यालय जैसे कार्यों से युवाओं को मिलेगा रोजगार
- सीताराम गुप्ता ने भरतपुर व डीग जिले के सर्वांगीण विकास का खाका खींचा

समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने भरतपुर में पत्रकार वार्ता की

भरतपुर (निस)। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा भरतपुर के सर्वांगीण विकास के लिए सड़क, रेलवे एवं हवाई कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से आने वाले वर्षों में भरतपुर के विकास को नई गति मिलेगी और जिले के आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यटन विकास को पंख लगेंगे साथ ही भरतपुर में चल रहे विकास कार्यों को गति दिलाने के लिए जिला कलेक्टर एवं भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त से आग्रह किया है कि वे इन कार्यों को समय पर पूरा कराएँ जिससे भरतपुर वासियों को इनका लाभ शीघ्र मिलना प्रारम्भ हो सके । यह जानकारी एक पत्रकार वार्ता में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए खा कि उन्होंने भरतपुर के विकास के लिए स्वीकृत अनेक योजनाओ के शीघ्र पूरा होने बाद भरतपुर वासियों के इनके लाभ मिलने शुरु हो जायेंगे जिससे भरतपुर के विकास को नई गति मिलेगी और भरतपुर राज्य के विकसित जिलों में शामिल हो जायेगा । उन्होंने बताया कि भरतपुर से बहरोड़ तक फोरलेन सड़क निर्माण, डीग से पहाड़ी होते हुए गुड़गांव तक सड़क को फोरलेन करने तथा उदयपुर-आगरा वंदे भारत ट्रेन को भरतपुर होकर चलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आगरा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का लाभ भरतपुर को दिलाने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से संवाद जारी है। गुप्ता ने बताया कि हाल ही में कोटपूतली से किशनगढ़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत हुआ है। इस राजमार्ग का अधिकतम लाभ भरतपुर को मिल सके, इसके लिए भरतपुर से अलवर होते हुए बहरोड़ तक फोरलेन हाईवे स्वीकृत किये जाते हैं तो ,इसका लाभ भरतपुर व डीग वासियों को मिल जायेगा क्योंकि वे सीधे ही शेखावाटी से जुड़ जायेंगे ! इससे आध्यात्म पर्यटन बढेगा और खाटूश्यामजी एवं सालासर बालाजी आना जाना सुलभ हो जायेगा जबकि भरतपुर अलवर सड़क मार्ग को फोरलेन करने की डीपीआर बनाई जा चुकी है यदि भरतपुर बहरोड़ मार्ग फोरलेन होता है तो भरतपुर के पर्यटन विकास को और गति मिल जाएगी ! जिससे भरतपुर से नई दिल्ली की दूरी कम होगी। इसके अलावा भरतपुर-मथुरा मार्ग को फोरलेन कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से पत्राचार जारी है तथा भरतपुर से गुड़गांव तक सड़क को फोरलेन करने के लिए राज्य स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इन सभी सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने से भरतपुर के औद्योगिक, व्यापारिक एवं पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि सेवर से अघापुर तक 67 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत बाईपास के निर्माण से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के सामने यातायात का दबाव कम होगा तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और केवलादेव उद्धान के पर्यावरण संरक्षण पर भी दुष्प्रभाव नही पड़ेगा । रेल कनेक्टिविटी के संबंध में गुप्ता ने कहा कि यद्यिप भरतपुर नई दिल्ली-मुंबई एवं आगरा-जयपुर रेल मार्ग पर स्थित है, फिर भी पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उदयपुर-आगरा वंदे भारत ट्रेन को भरतपुर होकर चलाने तथा जोधपुर से प्रारंभ होने वाली वंदे भारत ट्रेन को भी भरतपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिलाने के लिए पत्राचार किया जाएगा। इससे देशी-विदेशी पर्यटकों को भरतपुर पहुंचने में और अधिक सुविधा मिलेगी।

अन्नदाता हूंकार रैली आज

निवाई। किसान महापंचायत के तत्वावधान में 30 दिसम्बर को जयपुर में बाईस गोदाम पेट्रोल पम्प के पीछे सहकार भवन के पास राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व किसानों की मांगों को लेकर विशाल अन्नदाता हूंकार रैली का आयोजन होगा।

किसान अन्नदाता हूंकार रैली में निवाई क्षेत्र के 220 गांवों के सैंकडों किसान शामिल होंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर किसान महापंचायत के अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने निवाई क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों में सम्पर्क करके किसानों को अधिक से अधिक संख्या में रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष गोपीलाल डोड़वाडी, युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मोहनलाल खोडा खेड़ा, कन्नू, व भंवरलाल सहित कई पदाधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर लोगों को रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे है।

जेल भरो आंदोलन के सेनानी सम्मानित

भरतपुर (निस)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस पर जिला कांठोस भरतपुर के तत्वावधान में भूरीसिंह व्यायामशाला भकरतपुर में कांग्रेस का तिरंगा झंडा फहराया गया वन्दे मातरम गीत, ध्वज गीत व राष्ट्रगान के साथ झण्डे को सलामी दी गई। झंडारोहण जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सूपा ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सेवादल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक चुन्नी कप्तान ने मौजूद सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रतिज्ञा दोहराई। इसके पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम सन 1978 में इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोधमें जेल भरो आन्दोलन में जेल गये कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने स्वागत किया जिनमें चुन्नी कप्तान, रमेश पाठक, श्रीभगवान कटारा, धर्मप्रिय शर्मा, प्रकाश शांडिल्य, राजेन्द्र सारस्वत, रमेश धावई, श्याम सुन्दर गुर्जर को माला पहनाकर स्वागत किया। दिनेश सूपा व डॉ. दयाचंद पचोरी ने कांठोस इतिहास पर सम्बोधन दिया। अन्य विचार प्रकट करने वालों में पार्षद रामेश्वर सेनी, ब्रजेन्द्र चीमा, योगेश सिंघल, मनोज पटेल, ब्रजभूषण जाटव, निरंजन जघीना, हरजीत सांखला, पार्षद नरेन्द्र चौधरी प्रमुख थे।

टूर्नामेंट का भव्य समापन

मनोहरपूर । एसएमएस स्टेडियम, जयपुर स्थित बैडमिंटन हॉल में आयोजित सी.एस. चैलेंजर कप टूर्नामेंट 2025-26 का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे मुख्य अतिथि मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा किया गया। इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न विभागों में कार्यरत राजकीय गैजेटेड अधिकारियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 27 दिसंबर 2025 को खेला गया। फाइनल में सचिवालय टीम और चिकित्सा विभाग (डॉक्टर्स टीम) के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और मजबूत तालमेल के दम पर चिकित्सा विभाग की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप. मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा संख्याः** EL/50/22/2024-25 RT4; **2. कार्य का नाम व स्थानः** Development of POH maintenance facilities for rolling stocks including MEMU and train-set in Carriage Workshop, Ajmer. **3. अनुमानित लागतः** Rs. 12685946.46/-; **4. बयाना राशिः** Rs. 213400/-; **5. ई - निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 14.01.2026 at 15:00 Hrs. **एवं ई-निविदा खोलने की तारीख एवं समयः** 14.01.2026 at 15:30 Hrs; **6. वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई-निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** www.ireps.gov.in. 1685-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्र.सं.1
स्थान झुंझुनूं (राज.)
वादी सुगन सिंह विरूद्ध रामवतार
दावा बाबत BT 57/25 (80/25) CIS NO. 80/25
सिविल वाद संख्या...सन ...

प्रेषित-रामवतार नि. मुकुन्दगढ त. नवलगढ जि. झुंझुनूं पुत्र स्व. नन्दलाल जाति स्वामी निवासी हाल निवासी 343-ए, जगन्नाथ की गली, नाहरगढ रोड, जयपुर तहसील नाहरगढ जिला जयपुर जिला जयपुर

वादी...ने आपके विरूद्ध ... वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 23.01.2026 को दिन के 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति मे है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा।

यह वाद तारीख 20 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत

अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
क्रम संख्या 1, झुंझुनूं

भरतपुर में उद्यमियों का प्रशिक्षण शुरु

- प्रशिक्षण प्रभारी बलवीर सिंह ने उद्यिमता विकास को क्षेत्र की आर्थिक मजबूती का मूल आधार बताते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, समय पर पंजीकरण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी से छोटे उद्योग भी बड़े उद्योगों की श्रेणी में अपनी पहचान बना सकते हैं

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम संस्था तथा जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में वर्कमैन के क्षमता संवर्धन एवं विकास हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को परशुराम धर्मशाला, रेलवे स्टेशन रोड, भरतपुर में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से बुधवार तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी बलवीर सिंह ने उद्यिमता विकास को क्षेत्र की आर्थिक मजबूती का मूल आधार बताते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, समय पर पंजीकरण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी से छोटे उद्योग भी बड़े उद्योगों की श्रेणी में अपनी पहचान बना सकते हैं।

इस अवसर पर मयंक शर्मा, जिला उद्योग केंद्र ने कहा कि वर्कमैन किसी भी उद्योग में उत्पादन एवं गुणवत्ता की रीढ़ होता है। एक सफल वर्कमैन को सुलभ, शालीन एवं नेतृत्व क्षमता से युक्त होना चाहिए, ताकि वह टीम को साथ लेकर लक्ष्य की प्राप्ति कर सके। वहीं नीतू सिंह, प्रशिक्षण समन्वयक ने वर्कमैन की भूमिका एवं उद्योगों की सफलता में उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभावी पर्यवेक्षण से उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता एवं कार्य संस्कृति में निरंतर सुधार संभव है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा एमएसएमई के अंतर्गत आने वाले विभिन्न उद्योगों, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, अनुदान, ऋण सुविधाओं तथा उद्यम विस्तार के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान में संचालित उद्योगों को अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं एवं संसाधनों पर भी चर्चा की गई।

प्रशिक्षण में वर्कमैन को टीम प्रबंधन, मशीनों के रखरखाव, उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण, उत्पादन तिथि एवं उत्पाद समाप्ति तिथि, लेखा-जोखा एवं उसकी उपयोगिता, फूड लाइसेंस तथा अन्य आवश्यक पंजीकरण प्रमाण पत्रों की जानकारी प्रदान की गई। उद्यम आधार की महत्ता एवं पंजीकरण प्रक्रिया को विशेष रूप से समझाया गया। कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में वर्कमैन उपस्थित रहे।

रतन सिंह शेखावत अध्यक्ष निर्वाचित

पावटा। श्री शेखावत राजपूत सेवा संस्थान की 27सा क्षेत्र पावटा इकाई के चुनाव सर्वसम्मति से चुनाव पर्यवेक्षक भोम सिंह शेखावत एवं विकास सिंह जयसिंहपुरा तथा मोहन सिंह एवं नंदसिंह सूरजपुरा के सानिध्य मे शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में सर्वसम्मति से संपन्न हुए।

चुनाव प्रक्रिया में क्षेत्र के समाजबंधुओं ने बढ-चढकर भाग लिया और संगठनात्मक मजबूती के लिए सर्वसम्मति से श्री राजपूत सेवा संस्थान 27 सा क्षेत्र इकाई पावटा अध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से रतन सिंह शेखावत गुरुजी को निर्वाचित किया गया। वही संरक्षक पद पर जनक सिंह, उपाध्यक्ष राजू सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़, महामंत्री बलबीर सिंह तंवर, कोषाध्यक्ष ओमसिंह को निर्वाचित किया गया। सत्ताईसा कार्यकारिणी सदस्य में विक्रम सिंह, भवानी सिंह, शंकर सिंह को नियुक्त किया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठ जनों एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संगठन समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं युवा सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। सर्वसम्मति के माध्यम से नई टीम को जिम्मेदारी सौंपना संगठन की लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं ।

गायत्री मंत्र से ज्ञान व बुद्धि तीव्र होती है

सांभरझील में शिविर पूर्व कार्यवाहक कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार ने गायत्री मंत्र की महिमा का बखान किया।

- गायत्री मंत्र का नित्य प्रति जाप करने से हमारी ज्ञान और बुद्धि का विकास होता है। कैलाश शर्मा ने धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक व आर्थिक विषयों पर शिविरार्थियों को जानकारी दी

सांभरझील, (निसं)। आर्य वीर चरित्र निर्माण एवं प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर सोमदेव शतांशु कुलपति अपैक्स यूनिवर्सिटी जयपुर पूर्व कार्यवाहक कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार उत्तराखंड ने गायत्री मंत्र की महिमा का बखान करते हुए बताया कि गायत्री मंत्र का नित्य प्रति जाप करने से हमारी ज्ञान और बुद्धि का विकास होता है। दूसरे बौद्धिक सत्र में कैलाश शर्मा ने यहां के धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक व आर्थिक विषयों पर शिविरार्थियों को जानकारी प्रस्तुत की। इस मौके पर आर्य वीर दल के सभी गणमान्य जनों की मौजूदगी रही।

खोया पाया

मैं लक्ष्मण दास स्वामी पुत्र नारायण दास स्वामी निवासी काशीपुरा बस्सी जयपुर (राज.) पिन 303908 मेरे प्रापर्टी के कागजात कहीं गिर गये है कीर्ति नगर कॉपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड प्लॉट नं. 20 व 21 वृंदावन विहार प्रथम जोतडावाला सांगानेर रजिस्ट्रेशन नं. 2446/L पेमेन्ट रसीद नं. 1016 और 1015 है। जिस किसी को भी मिले मेरे मोबाइल या मेरे पते पर सम्पर्क करें-9649352538, 9950671469

मेरे शॉप नं. C5'S-56 निजी खातेदारी की योजना चोरडिया सिटी अजमेर रोड जयपुर की निजी खातेदार से जारी मूल NOC कहीं गुम हो गयी है मिलने पर सूचित करें-श्रीमति पार्वती जाट मो. 9314706197

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम सादिका (SADIKA) से बदलकर सादिका बेगम (SADIKA BEGAM) रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाऐं। सादिका बेगम पत्नी ज़ियाउद्दीन मकान नं. 13, न्यू मदीना मस्जिद,सैय्यद कॉलोनी जयपुर, राज.

मैंने अपना नाम वसंत एस राजी से परिवर्तन कर वसंत सिंह राजी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। पता-पं.स. झोटवाड़ा के सामने, झोटवाड़ा, जयपुर

मैं राजवरापु प्रियंका पत्नी आर्मी नंबर-15236726-के, नायक (ओपीआर) राजवरपु साई गोपी, ग्राम-गुंटूर, पोस्ट-कलेक्ट्रेट, तहसील और जिला-गुंटूर। राज्य-आंध्र प्रदेश पिन 522004, मेरे पति के सेवा अभिलेख में मेरा नाम चेधाराजुपल्ली प्रियंका दर्ज है जो की गलत है मेरा सही नाम राजवरपु प्रियंका है।

मैंने अपना नाम अब्दुल रईस खान से बदलकर अब्दुल रईस (ABDUL RAIS) पुत्र मोहम्मद इस्मार्ल निवास 2344, नला नीलगरान, कॉवटियों का खुर्रा, रामगंज बाजार, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे (ABDUL RAIS) के नाम से जाना पहचाना जावें।

लखेरा समाज को पीएम विश्वकर्मा योजना में समाज को जोड़ने की मांग

- राजस्थान ओबीसी आयोग के सदस्य मोहन मोरवाल को लखेरा समाज के लिए लखेरा/लखारा कल्याण बोर्ड के गठन व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में समाज को जोड़ने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

जयपुर। लखेरा समाज को राजनीतिक,व्यवसायिक,सामाजिक शैक्षिणक एवं आर्थिक प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने तथा लखेरा/लखारा कल्याण बोर्ड के गठन व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में लखेरा समाज को जोश कर समाज को व्यवसाय के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने की मांग को लेकर अखिल भारतीय हिन्दू लखेरा समाज युवा मंच जयपुर प्रदेशाध्यक्ष कन्हैया लखेरा (अलीगढ़) व अखिल राजस्थान हिन्दू लखेरा महासभा जयपुर प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट गोवर्धन लक्षकार (पचेवर) व शंकर लखेरा टोंक ने टोंक दोरे पर आए राजस्थान ओबीसी आयोग के सदस्य मोहन मोरवाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत वर्ष में लखेरा जाति बहुतायत से निवास करती है। लखेरा जाति को राजस्थान में लखेरा,लखारा,लक्षकार नाम से जाना जाता है। लखेरा जाति का मुख्य कार्य लाख की चूड़ियां बनाकर बेचने का कार्य है। लखेरा समाज के लिए लखेरा लखारा/ कल्याण बोर्ड के गठन व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के नाम से जोड़ने की सख्त आवश्यकता है। लखेरा,लखारा, लक्षकार समाज गांव-गांव ढाणी- ढाणी घूम कर लाख की चूड़ी बेचने का कार्य करता है। लखेरा जाति घुमन्तू व अत्यन्त पिछड़ी जाति है। लखेरा जाति के लिए आज तक किसी भी प्रकार की कोई सरकारी सम्बल योजना नहीं है। इसलिए चूड़ी का व्यवसाय पूर्ण रूप से विकसित नहीं हुआ है। लखेरा समाज बहुत गरीब व पिछड़ा वर्ग है। देश की राजनीतिक में लखेरा समाज को पार्टी संगठन पार्षद, विधायक, विभिन्न आयोग में लखेरा समाज की भागीदारी सुनिश्चित करे, जिससे लखेरा समाज भी पार्टी के साथ मिलकर देश के विकास में अपना अमूल्य महत्वपूर्ण योगदान दे सके। लखेरा समाज के व्यवसाय को उन्नत बनाने, आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने व गरीबी व पिछड़ापन दूर करने के लिए राज्य सरकार के आर्थिक सहयोग, सरकारी योजना व सरकारी मदद की बहुत आवश्यकता है। जिससे समाज का व्यवसाय पूर्ण रूप से विकसित हो तथा लखेरा जाति उत्तरोत्तर प्रगति करके देश के आर्थिक विकास में भागीदारी निभा सके। उन्होंने ज्ञापन में राजस्थान ओबीसी आयोग के सदस्य मोहन मोरवाल से लखेरा जाति को व्यवसायिक, सामाजिक, शैक्षिणक एवं आर्थिक प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने देश के विकास में भागीदारी निभाने के लिए अन्य समाजों की तरह लखेरा समाज के लिए भी लखेरा/लखारा कल्याण बोर्ड के गठन व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में लखेरा समाज को जोड़ कर समाज को व्यवसाय के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने की मांग की

SKN COLLEGE OF AGRICULTURE
(Sri Karan Narendra Agriculture University) JOBNER- 303329 Distt. Jaipur (Raj.)
No. :- F./SS/SKNCOA/2025/2054 Date :- 24/12/2025

ADMISSION NOTICE

Applications are invited in the prescribed format on 05.01.2026 up to 12:30 PM for Spot Admission on the ICAR quota vacant seats of B.Sc. (Hons.) Ag./M.Sc. (Ag) and M.Sc. (Hort.) in the ICAR accredited constituted colleges of SKN Agriculture University, Jobner on the basis of the marks obtained in CUET (ICAR-UG) 2025 and AIEEA (PG) 2025 & merit of the marks secured in the last qualifying examination. Application format and detailed guidelines are available on University Website **www.sknau.ac.in.**

Raj.Samwad/C/25/16578 Dean & Faculty Chairman

कोटपूतली-बहरोड़ से अंतर जिला शैक्षिणक भ्रमण दल रवाना

- कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों का पांच दिवसीय शैक्षिणक दल राजस्थान के ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थलों का करेगा भ्रमण

कोटपूतली में शिक्षा अधिकारियों ने शैक्षिक भ्रमण वाहन को रवाना किया।

कोटपूतली । राज्य सरकार द्वारा संचालित अंतर जिला शैक्षिणक भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले के चयनित राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 7 एवं 8 के विद्यार्थियों का पांच दिवसीय शैक्षिणक भ्रमण सोमवार से प्रारंभ हुआ। शैक्षिणक भ्रमण को जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय दयाराम चोरडिया, यशवेंद्र तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा के प्रधानाचार्य हंसराज यादव ने रवाना किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शैक्षिणक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों का दल राजस्थान के पांच से छह जिलों का भ्रमण करेगा। यात्रा के दौरान विद्यार्थी राज्य के प्रमुख ऐतिहासिक, दार्शनिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन कर वहां के ऐतिहासिक महत्व, सामाजिक पृष्ठभूमि और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ना है। शैक्षिणक भ्रमण दल में कुल 18 विद्यार्थी हैं। दल का नेतृत्व प्रधानाचार्य हंसराज यादव कर रहे हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के ठहराव की व्यवस्था संबंधित जिलों में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला मुख्यालयों पर की गई है, जहां उन्हें अनुशासित, सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारियों ने कहा कि अंतर जिला शैक्षिणक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़ती है, आत्मविश्वास का विकास होता है तथा वे अपनी संस्कृति और इतिहास को निकट से समझने का अवसर प्राप्त करते हैं। यह पांच दिवसीय शैक्षिणक यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और स्मरणीय अनुभव सिद्ध होगी।

कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांकः-न.पा.नि. / निर्माण / 2025-26 / 13456 दिनांकः- 19.12.2025

ई. बोली सूचना संख्या :- 47/2025-2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजी